Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to establish industries in Siwan Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती कविता सिंह (सिवान): माननीय अध्यक्ष महोदय**,** सबसे मैं आपका आभार प्रकट करती हूं कि आपने लोक महत्व के विषय पर मुझे बोलने का अवसर दिया है।

महोदय**,** मेरा लोक सभा क्षेत्र सीवान है**,** जहाँ पर पहले बहुत**-**से उद्योग और कल**-**कारखाने लगे हुए थे और वह औद्योगिक क्षेत्र कहलाता था। वहां पर चीनी मिलें हुआ करती थीं**,** सूत मिलें हुआ करती थीं। लेकिन आज वहां पर कोई कल**-**कारखाना नहीं है। वहां के युवा गरीब और बेरोजगार हैं।

मैं सदन के माध्यम से और आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूं कि सीवान जिले की गंभीर समस्याओं को देखते हुए**,** वहां पर नये कल**-**कारखाने लगाए जाएं**,** उद्योग**-**धंधे स्थापित किए जाएं।

वहां नए उद्योग धंधे स्थापित किए जाएं, ताकि वहां के युवाओं को रोजगार मिले और इस कोरोना काल में वहां लोगों को जिन बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, उन दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

महोदय, माननीय प्रधान मंत्री का सपना आत्मनिर्भर भारत का है, लेकिन हम आत्मनिर्भर भारत का सपना तब ही पूरा कर सकते हैं, जब तक युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा, जब तक बेरोजगारी को दूर कर के रोजगार सृजन नहीं किया जाएगा, तब तक वहां कोई भी विकास के कार्य नहीं हो पाएंगे।

अत: मैं आपसे आग्रह करती हूं कि वहां के युवाओं के लिए रोजगार के नए-नए आयाम सृजन किए जाएं, ताकि वहां बेरोजगारी दूर हो और हमारी सरकार की आत्मनिर्भर भारत की जो योजना है, वह साकार हो।

आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

<u>20.56 hrs</u> (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)